# राजकीय महाविद्यालय करसोग

## जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2018-19)

# वार्षिक प्रतिवेदन

(शैक्षणिक सत्र: 2018-19)

## महाविद्यालय: ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अपने स्थापना वर्ष 1994 से लेकर आज तक अपने 25 साल के सफर में महाविद्यालय ने निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। करसोग महाविद्यालय की उपलब्धियां इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज़ हैं। महाविद्यालय की स्थापना के समय छात्रों की संख्या केवलमात्र 187 थी जो वर्तमान में 1926 हो गयी है। विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। महाविद्यालय ने न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की है अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भी प्रयास किया है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान व् वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर तक शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में अंग्रेजी, हिंदी और राजनैतिक शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाएं भी चल रही हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र (IGNOU) के अंतर्गत विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनेक विद्यार्थी शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। महाविद्यालय में आधुनिक समय की मांग को समझते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिक विभाग द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब भी उपलब्ध है और आगामी शैक्षणिक स्तर से कंप्यूटर साइंस का कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए प्रारम्भ किया जाएगा जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

## CHOICE BASED CREDIT SYSTEM (CBCS):

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वर्ष 2013-14 से स्नातक स्तर पर CBCS एवं सत्र प्रणाली लागू की है। वर्तमान में महाविद्यालय में Choice Based Credit System (CBCS) एवं सत्र प्रणाली के तहत तीनों संकायों के 18 विषयों में स्नातक स्तर तथा अंग्रेजी, हिंदी और राजनैतिक शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्रदान की जा रही है। 2018-19 से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने वार्षिक प्रणाली को लागू किया है।

## कार्यग्रहण, नियुक्तियां, स्थानांतरण एवं रिक्तियां :

स्थानांतरण एवं कार्यग्रहण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत कुछ लोग महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित होते हैं तथा कुछ स्थानांतरित होकर चले जाते हैं।

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए:

| क्र० सं० | कर्मचारी का नाम | पद | जहाँ से स्थानांतरित होकर आए |
|---|---|---|---|
| 1 | वर्षा वर्मा | सहायक आचार्य (समाज शास्त्र) | राजकीय महाविद्यालय, द्रंग |
| 2 | सोनिया चौधरी | सहायक आचार्य (राजनीतिक शास्त्र) | नवनियुक्ति |
| 3 | डॉ. लीला धर | सहायक आचार्य (अंग्रेजी) | नवनियुक्ति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | डॉ. सुमेधा शर्मा | सहायक आचार्य (हिंदी) | नवनियुक्ति |
| 5 | संतोष कुमार | सहायक आचार्य (वाणिज्य) | नवनियुक्ति |
| 6 | वंदना कुमारी | सहायक आचार्य (हिंदी) | नवनियुक्ति |
| 7 | डॉ.पंकज शर्मा | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान) | नवनियुक्ति |
| 8 | शीतल चाडबाथीया | सहायक आचार्य (Computer Science) | नवनियुक्ति |
| 9 | मान सिंह | प्रयोगशाला सहायक | रा व् मा पा चुराग |
| 10 | मान धर | सेवादार | रा व् मा पा कशौल |

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय से जिन सदस्यों का स्थानांतरण हुआ:

| **क्र० सं०** | **कर्मचारी का नाम** | **पद** | **जहाँ स्थानांतरित हुए** |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. ब्रज नंदन | सहायक आचार्य (समाज शास्त्र) | राजकीय महाविद्यालय, द्रंग |

महाविद्यालय में प्रवक्ताओं के कुल 37 पदों में से 22 पद कला संकाय, 11 पद विज्ञान व् 3 पद वाणिज्य विभाग के स्वीकृत हैं। कला संकाय में 22 पदों में से 16 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं। विज्ञान संकाय में 11 पदों में से 5 पद भरे गये हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं1 वाणिज्य संकाय में 3 पदों में से एक पद रिक्त हैं। गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के 23 पदों में 19 पद भरे गये हैं,शेष 4 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों में वरिष्ठ और कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक का 1-1 पद, तबला वादक का 1 पद व् पुस्तकालयाध्यक्ष का 1 पद शामिल हैं 1

## केंद्रीय छात्र संघ:

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार 2018 में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों को शैक्षणिक वरीयता के आधार पर मनोनित किया गया व उन्हें विधिवत शपथ दिलाई गयी। 2018-19 के केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं-:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सुजाता, (कला संकाय) | प्रधान |
| 2 | यशपाल (विज्ञान संकाय) | उप-प्रधान |
| 3 | पूजा देवी (वाणिज्य संकाय) | सचिव |
| 4 | रमन किशोर (विज्ञान संकाय) | सहसचिव |

## विद्यार्थियों की संख्या:

वर्तमान में महाविद्यालय में 1971 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें 1132 छात्राएं तथा 839 छात्र हैं। अनुसूचित जाति में 178 छात्राएं व् 152 छात्र तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 34 छात्र व् 39 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। महाविद्यालय में गत तीन वर्षों का संकाय तथा कक्षावार विवरण निम्नलिखित है:

| **कक्षा** | **कुल छात्र** | | | **कुल छात्राएं** | | | **कुल छात्र /छात्राएं** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 |
| **BA- I** | 214 | 197 | 231 | 300 | 248 | 298 | 514 | 445 | 529 |
| **BA- II** | 147 | 171 | 145 | 238 | 281 | 242 | 385 | 452 | 387 |
| **BA- III** | 138 | 128 | 147 | 191 | 230 | 276 | 329 | 358 | 423 |
| **BSc- I** | 88 | 45 | 60 | 69 | 54 | 59 | 157 | 99 | 119 |
| **BSc- II** | 54 | 62 | 33 | 63 | 58 | 40 | 117 | 120 | 73 |
| **BSc- III** | 77 | 48 | 50 | 59 | 60 | 44 | 136 | 108 | 94 |
| **BCom-I** | 66 | 50 | 56 | 41 | 29 | 30 | 107 | 79 | 86 |
| **BCom-II** | 60 | 55 | 41 | 23 | 42 | 29 | 83 | 97 | 70 |
| **BCom-III** | 28 | 55 | 49 | 28 | 21 | 41 | 56 | 76 | 90 |
| **MA English-II** | 12 | 04 | 2 | 07 | 14 | 4 | 19 | 14 | 6 |
| **MA Hindi-II** | 07 | 07 | 4 | 16 | 11 | 8 | 23 | 18 | 12 |
| **MA Political Science-II** | - | 12 | 3 | - | 18 | 8 | -- | 30 | 11 |
| **MA English-IV** | | | 6 | | | 10 | | | 16 |
| **MA Political Science-IV** | | | 8 | | | 18 | | | 26 |
| **MA Hindi-IV** | | | 4 | | | 25 | | | 29 |
| **कुल** | 891 | 844 | 839 | 1035 | 1082 | 1132 | 1926 | 1926 | 1971 |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम:

किसी भी शिक्षण-संस्थान की गुणवत्ता वहां के शैक्षणिक वातावरण व परीक्षा परिणामों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय का परीक्षा-परिणाम विश्वविद्यालय के परिणामों से अपेक्षाकृत बेहतर है। गत सत्र का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा है:

| **Class** | **College %** | **University %** | **Variation %** |
|---|---|---|---|
| MA Eng lish, Hindi and Political Science | 100% | NA | NA |
| BA I | | -- | - |
| B Sc I | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| B Com I | | | |
| BA II | | | |
| B Sc II | | | |
| B Com II | | | |
| BA III | 91.03 % | -- | -- |
| B Sc III | 97.53 % | -- | -- |
| B Com III | 95.08 % | -- | -- |

## छात्रवृत्तियाँ:

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचति जाति, IRDP, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति एवं डॉ. अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

## महाविद्यालय पत्रिका: "कामाक्षा":

महोदय**,** महाविद्यालय पत्रिका "कामाक्षा" का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस पत्रिका में विद्यार्थियों को छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए अपनी रचनात्मकता व् सृजनशीलता को पुष्ट करने का अवसर मिलता है। कामाक्षा पत्रिका महाविद्यालय के उभरते हुए लेखकों के लिए एक सार्थक मंच है जिसमें वे अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से अपने मन के उदगारों को व्यक्त करते हैं।

## पुस्तकालय:

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा होती है अतः पुस्तकालय की समृद्धि पर ही छात्रों का विकास निर्भर रहता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में विविध विषयों से सम्बंधित 13,731 पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 30 पत्रिकाओं व् 6 अंग्रेज़ी- हिंदी समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है।

## अभिभावक-शिक्षक संघ:

इस महाविद्यालय में अभिभावक - शिक्षक संघ का विधिवत पुनर्गठन 9 सितम्बर 2018 को अभिभावक-शिक्षक संघ के मुख्य सरंक्षक प्राचार्य महोदय की देख-रेख में हुआ। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया:

| | |
|---|---|
| **अध्यक्ष** | श्री हरिओम गुप्ता |
| **उपाध्यक्ष** | श्री हिरदा राम |

| | |
|---|---|
| **सचिव** | डॉ. गुलशन महाजन |
| **सह सचिव** | भावना शर्मा |
| **कोषाध्यक्ष** | श्री तारा चन्द |
| **सलाहकार** | श्री लक्ष्मी कांत |

अभिभावक-शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न विषयों में 7 प्राध्यापकों, तबला वादक, 2 सफाई कर्मचारियों व् 1 कंप्यूटर संचालक की सेवाएं उपलब्ध करवाई गयी तथा महाविद्यालय के सुचारू सञ्चालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया ।

## शिक्षेत्तर गतिविधियाँ:

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे समाज में अपनी सफल भूमिका निभा सकें। शिक्षेत्तर गतिविधियाँ शिक्षा का अभिन्न अंग हैं और महाविद्यालय समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन करता रहता है । इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में अनेक गतिविधियों में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर सत्र को यादगार बनाया ।

1. महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय की NCC/NSS/R & R इकाई द्वारा 21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के लगभग 160 छात्र- छात्राओं तथा शिक्षकों ने भाग लिया।
2. 24 जुलाई 2018 को महाविद्यालय प्रांगण में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विषयों एवं प्रतियोगिताओं से सम्बंधित पुस्तकों का चयन किया।
3. 02 अगस्त 2018 को महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य महोदय द्वारा BA प्रथम वर्ष के विद्यार्थियोंओं को महाविद्यालय के नियमों एवं शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराया गया।
4. वाणिज्य परिषद द्वारा 25 अगस्त 2018 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
5. साहित्य परिषद के अंतर्गत हिंदी विभाग के द्वारा 14 सितंबर, 2018 को हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, काव्य-पाठ व् प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करसोग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। भाषा कला एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की दो छात्राओं दीपा और जितेन्द्रा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
6. 11 अक्टूबर 2018 को भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों को विभिन आपदाओं की जानकारी दी गयी तथा इन आपदाओं का सामना करने के निर्देश भी दिए गए। इसमें नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों ने अपने भावों और विचारों को व्यक्त किया।

7. संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत भारती संस्था के सौजन्य से संस्कृत के विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के महत्व और वैज्ञानिकता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी जिसमें आमंत्रित वक्ता हेमंत कुमार शास्त्री थे।
8. 5 दिसंबर 2018 को Anti-Drug Campaign के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानिओं से अवगत करवाया गया।
9. महाविद्यालय की जे० सी० बोस साइंस सोसाइटी द्वारा 28 फरवरी 2019 को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्या उपस्थित रही। इस अवसर पर सम्भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, मेहँदी, रंगोली, सुलेख, नारा लेखन, प्रोजेक्ट मेकिंग, नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी महान वैज्ञानिक सी० वी० रमन और जे० सी० बोस को भी याद किया गया ।
10. महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुंक्त तत्त्वाधान में द्वारा 8 मार्च,2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया गया जिसमें संभाषण, पोस्टर मेकिंग,निबंध लेखन एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दीपा शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर अपने बहुमूल्य विचार रखे।

## कन्या छात्रावास:

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कन्या छात्रावास की सुविधा भी है। छात्रावास में वर्तमान में छात्राओं की संख्या 34 हैं। छात्राओं ने 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को महाविद्यालय से शहीदी स्मारक तक कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## रंगकर्म कार्यशाला (Dramatic Workshop):

प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र में भी महाविद्यालय में सितम्बर मास में ड्रमैटिक क्लब के समन्वयक श्री कुलभूषण शर्मा व् नरेश कुमार द्वारा संचालित रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 35 छात्र तथा छात्राओं ने रंगमंच के गुर सीखे। इस कार्यशाला में नव रंगकर्मियों ने अभिनयकला की बारीकियों- आंगिक- वाचिक अभिनयपक्ष व् संवाद पर काम करते हुए अपने अंदर के कलाकार को जगाने का प्रयास किया। ड्रमैटिक क्लब के कलाकारों ने महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में अपनी कला के माध्यम से सभी का मनोरंजन करते हुए अपना रंगकर्म निभाया।

## कैरियर कॉउंसलिंग सेल:

सभी विद्यार्थियों ने अपने आगामी लक्ष्य को सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय में कैरियर कॉउंसलिंग सेल भी बनाया गया है।इस सेल के अंतर्गत समय समय पर छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी दी जाती है। इस सत्र में भी विद्यार्थियों की कॉउंसलिंग की गई:

1) महाविद्यालय में D.S.P. करसोग श्री अरुण मोदी का विशेष वक्तव्य रखा गया जिसमें विद्यार्थियों को उचित करियर चुनाव संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

2) S.D.M. श्री अपूर्व देवगन, करसोग द्वारा विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं संबंधी विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

3) महाविद्यालय की सहायक आचार्या सुश्री शीतल चड़बाथिया ने अपने वक्तव्य में छात्रों को कंप्यूटर की महत्ता तथा उसके प्रयोग की विशेषता के विषय में अवगत करवाया।

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह:

इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह में हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने ग्रुप एक, दो तथा ग्रुप चार में क्रमशः भाग लिया।

1. युवा समारोह (ग्रुप-I): डॉ. लीलाधर ठाकुर (अंग्रेजी विभाग) और सोनिया चौधरी (राजनीतिक शास्त्र) के मार्गदर्शन में राजीव गाँधी राजकीय महाविद्यालय शिमला - 4, सितम्बर 12 , 2018 से सितम्बर 15, 2018 में आयोजित ग्रुप 1 में भाग लिया। जिसमें अंकिता ठाकुर**,** प्रथम वर्ष (कला स्नातक) ने रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

2**.** युवा समारोह (ग्रुप-4): राजकीय महाविद्यालय**,** सीमा अक्टूबर 08, 2018 से अक्टूबर 13, 2018 तक आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय युवा समारोह (ग्रुप-IV**)** में ड्रमैटिक क्लब के युवा रंगकर्मियों ने श्री कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य**,** अंग्रेजी विभाग) द्वारा निर्देशित नाट्य प्रस्तुति "Judgement of Paris"में द्वितीय पुरस्कार ग्रहण किया।

## एन० सी० सी० (NCC):

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा **।** N.C.C ANO डॉ० यमुना शर्मा के नेतृत्व में हमारे महाविद्यालय की एन० सी० सी० इकाई ने निम्नलिखित गतिविधियों में भाग लिया:

1. महाविद्यालय के 22 छात्रों ने N.C.C "C" तथा 31 कैडेट ने "B" सर्टिफिकेट के लिए आयोजित परीक्षा में भाग लिया।
2. महाविद्यालय के 63 कैडेट ने J.N.V Kunihar में आयोजित CATC कैंप में भाग लिया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं मे कैडेटों ने पुरस्कार प्राप्त किये । सीनियर डिवीज़न SUO चेत राम तथा सीनियर बिंग कैडेट नीना शर्मा को बेस्ट कैडेट तथा अंडर अफसर UO सुनीता को बेस्ट कमांडर का अवार्ड दिया गया।

2 सपना व ज्योति को बेस्ट पायलट में गोल्ड मैडल दिया गया। विकास व इंदु को एंकरिंग में गोल्डमैडल दिया गया।सांस्कृतिक गतिविधिओं में प्रथम स्थान तथा ड्रिल में प्रथम स्थान हासिल किया। कैडेट अविनाश ठाकुर को एकल नृत्य में स्वर्ण पदक दिया गया।विभिन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय को सबसे उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए " All Over Best College " की ट्रॉफी दी गयी।

3 महाविद्यालय के 6 कैडेट्स ने बैजनाथ काँगड़ा तथा 2 कैडेट्स ने अमरकंटक (MP) में नेशनल ट्रेनिंग कैंप में भाग लिया।

4 SUO चेतराम ने 10 सितम्बर से 19 सितम्बर 2018 तक जालंधर पदलस कैंप में भाग लिया।

5 महाविद्यालय के 2 कैडेट BLC कैंप पंजाब माहौट में भाग लिया

6 महाविद्यालय के 8 कैडेट ने स्टेट RD कैंप में भाग लिया।

7 महाविद्यालय के कैडेट दीपक शर्मा ने जनवरी 2019 में "एक भारत स्वच्छ भारत " कैंप रोपड़ में भाग लिया। मान्यवर महाविद्यालय के लिए अति हर्ष का विषय है की हमारे कैडेट तप्तीश कुमार और सोवेरजेंट नरेश कुमार का चयन भारतीय सेना में हुआ है।

इसके अतिरिक्त हमारे कैडेट्स ने प्रत्येक गतिविधियों जैसे जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा स्वतन्त्रता दिवस परेड में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS):

महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की तरह स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, जागरूकता व् पौधारोपण में सक्रिय भाग लिया । इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. गणतंत्र दिवस परेड (RD Parade): राजकीय महाविद्यालय करसोग के लिए यह अति हर्ष और गौरव का विषय है कि सौरव ठाकुर ने Pre-RD Camp की कड़ी चयन प्रक्रिया को पार करते हुए 26 जनवरी, 2019 को राजपथ पर परेड करके महाविद्यालय का ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया ।

2. प्री -आर डी कैंप: (Pre-RD Camp): राष्ट्रीय सेवा योजना के सौरव ठाकुर और प्रीती वर्मा ने दिसंबर 12, 2018 से 21, 2018 तक सीकर (राजस्थान) में भाग लिया ।

3. राष्ट्रीय एकता शिविर (NIC)**:** महाविद्यालय के तीन छात्र - छात्राओं अंशिका शर्मा, कविता शर्मा और हितेश कुमार ने दिसंबर माह में जयपुर (राजस्थान विश्वविद्यालय) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया।

4. एन. एस. एस. स्टेट मेगा कैंप **(**NSS State Mega Camp): महाविद्यालय के एन. एस. एस. इकाई के आकाश गुप्ता, मोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, ललित कुमार, पल्लवी और खेमलता ने जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, हरिपुर मनाली में आयोजित स्टेट एन. एस. एस. मेगा कैंप में 13 दिसंबर, 2018 से 17 दिसंबर, 2018 तक भाग लिया। खेमलता को Best in Outdoor Activites और मोहित कुमार को सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए Best Volunteer चुना गया ।

5. सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर: महाविद्यालय प्राचार्या की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारम्भ हुआ । महाविद्यालय परिसर में 12 फरवरी, 2019 से 18 फरवरी, 2019 तक कार्यक्रम प्रभारी श्री कुलभूषण शर्मा के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 56 स्वयंसेवियों ने भाग लिया । शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण को विस्तृत किया तथा क्यारियां बनायीं व् स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया । शिविर के दौरान महाविद्यालय प्रांगण के सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया और समाज में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित करते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान के तहत उन्हें जागरूक किया तथा ममलेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर ममेल में श्रमदान किया । शिविर में सांध्यकालीन सत्र में स्वयंसेवियों के लिए व्यक्तित्व संवर्धन हेतु कार्यक्रम रखे गए जिसमें महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. दीपा शर्मा ने विद्यार्थयों को उदात्त गुणों को आत्मसात करते हुए समाज के प्रति सजग रहते हुए उन्हें सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया । इसके अंतर्गत

स्वयंसेवियों को स्थानीय उपमंडलाधिकारी, श्री अपूर्व देवगन और सुश्री तोरूल रवीश (खंड विकास अधिकारी), श्री बलवंत कुमार (चुनाव विभाग) ने जानकारी दी।

6. साम्प्रदायिकसद्भावना सप्ताह: राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 20 अगस्त 2018 को सद्भावना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवियों ने काव्य-पाठ के माध्यम से देश की समसामयिक समस्याओं को उजागर किया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्यनाटिकायों के माध्यम से अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने व् सौहार्दपूर्ण जीवनयापन का सन्देश दिया।

7. छात्र संसद (Student Parliament): महाविद्यालय के 6 स्वयंसेवियों बरखा, नीलम, हितेश कुमार, रजनीकांत आज़ाद, अंकिता और हिमानी ने उत्कृष्ट अध्ययन संस्थान, राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला में 9-10 मार्च, 2019 में आयोजित छात्र संसद में भाग लिया।

8. Best Volunteers: शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सौरव ठाकुर (पुरूष) और खेमलता (महिला) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए Best Volunteers चुना गया ।

इसके अतिरिक्त हमारे स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित की।

## रोवर्ज एण्ड रेंजर्स (R&R):

महाविद्यालय में ये इकाई श्री पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। इस सत्र में रोवर्ज एण्ड रेंजर्स की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:

1. रोवर्ज एण्ड रेंजर्स द्वारा 1 अगस्त 2018 को World Scarf Day मनाया गया । जिसमें महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।
2. स्वतंत्रता दिवस पर 5 रोवर्स और 5 रेंजर्स ने Sub Divisional Level Independence Day Parade 2018 ने भाग लिया।
3. 29 सितम्बर 2018 को R & R के छात्रों ने रक्त दान शिविर में भाग लिया।
4. 5 रोवर्स हेमंत कुमार, गिरिराज, विक्रांत, अनिल और बंटी शर्मा और 5 रेंजर्स अनुपमा शर्मा, ममता कुमारी, शिवानी, मनीषा और कल्पना ने "Service Rovers in Smooth Conduction of BS & G State Rally" 2018 के तहत State Training Center रिवालसर में 21 से 31 दिसंबर तक भाग लिया।
5. 5 R & R volunteers मनीषा, ममता, जीतेन्द्र, तरुण और जितेंदर कुमार ने State Level Republic Day Parade 2019 शिमला में प्रतिनिधित्व किया।
6. महाविद्यालय के लिए यह अति हर्ष का विषय है कि 12 से 21 फरवरी 2019 को महाविद्यालय के 3 रोवर्स, गिरिराज, अनिल और हेमंत कुमार ने कुम्भ मेला सर्विस कैंप -04 में प्रयागराज, (UP) भारत में सेवाएं दी।
7. 22 फरवरी 2019 को महाविद्यालय के 30 रोवर्स एंड रेंजर्स ने नई कम्युनिटी सर्विस प्रोजेक्ट "S For S" "Scout for Sustainable Environment", "Clean Water Sanitation" UN Sustainable Developmental Goal -06 परियोजना में भाग लिया ।

8. 05 से 09 मार्च, 2019 तक राजकीय महाविद्यालय करसोग में "प्रवेश बैज टेस्टिंग कैंप" आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत 48 विद्यार्थियों ने Basic Knowledge of Scouting, Disaster Management, Poineering, Handicraft Making, Panel Discussion, Quiz आदि गतिविधियों में भाग लिया और अंततः 35 रोवर एवं रेंजर्स ने प्रवेश बैज उत्तीर्ण किया।
इसके अतिरिक्त हमारे रोवर एवं रेंजर्स ने विभिन्न आयोजनों तथा अन्य दिवसों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की।

## खेलकूद गतिविधियाँ:

अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस सत्र में खिलाड़िओं ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, खो-खो निशाने बाजी, चैस और एथलेटिक्स में भाग लिया।

1. इस सत्र में हमारे महाविद्यालय की बॉक्सिंग टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। पुरूष वर्ग में राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में कवि राज ने सिल्वर मैडल हासिल किया।
2. राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में आयोजित महिला वर्ग में छात्रा आँचल ने सिल्वर मैडल और भीष्मा ने ब्रॉन्ज मैडल जीता।

## शिक्षक वर्ग की व्यक्तिगत उपलब्धियां:

इस सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषयों में विभिन्न स्थानों पर शोधपत्र प्रस्तुत किये।

1. *श्री सुदामा राम* (सह आचार्य भूगोल विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोधपत्र "Dr B. R Ambedkar's contribution for making modern India: An appraisal" विषय पर प्रस्तुत किया।

2. *डॉ. गुलशन महाजन* (सहायक आचार्य, भौतिक विभाग) ने दिसम्बर 10-14, 2018 तक BARC मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।

3. *डॉ. यमुना शर्मा* (सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा) ने 7 - 18 जनवरी, 2019 तक गुंटूर ,आंध्र प्रदेश में "एक भारत स्वच्छ भारत" (EBSB ) के अंतर्गत भाग लिया |

4. *डॉ बीरबल सिंह* (सहायक आचार्य, संस्कृत) ने 12 नवम्बर 2018 से 8 दिसंबर 2018 तक ASC, Shimla "अभिविन्यास कार्यक्रम" में भाग लिया।

5. *श्रीमती रुचि नारंग* (सहायक आचार्य, गणित विभाग) ने जम्मू विश्वविद्यालय में पुनश्चर्या कार्यक्रम में 12 फरवरी, 2018 से 04 मार्च, 2019 तक भाग लिया।
इन्होने बी ए/ बी एस सी छठे सत्र के पाठ्यक्रम में निर्धारित पुस्तक में सह सम्पादिका के रूप में कार्य किया।

6. *श्री कुलभूषण शर्मा* (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग) ने राजकीय महाविद्यालय बासा में English Teachers' Forum (ETF) द्वारा अगस्त 04, 2018 में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Rediscovering Archetypes: Men, Boys and Masculinities in Ruskin Bond" शोध पत्र प्रस्तुत किया। इनकी तीन कविताएं –"Anahad Naad, Breaking Dawn, A Promise" *Love: My Religion* नामक पुस्तक में प्रकाशित हुईं।
   कुलभूषण शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "Skill India" पाठ्यक्रम में Board of Studies के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई। इन्होनें राजकीय जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय मनाली में दिसंबर 13-17, 2018 में आयोजित स्टेट मेगा शिविर में शिविर प्रभारी के रूप में योगदान दिया।

7. *डॉ. प्रेम प्रकाश* का शोध पत्र "Emerging Trends of NPAs in Priority and Non- Priority Sector in India: A Study of Public and Private Sector Banks," PRAGATI Journal of Indian Economy vol. 5 issue. June 2018 में प्रकाशित हुआ।
   डॉ प्रेम प्रकाश को विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में अर्थशास्त्र विषय में Ph. D की उपाधि से सम्मानित किया गया।

8. *डॉ. लीला धर* (सहायक आचार्य, अंग्रेजी) ने अक्टूबर 01-02, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित "Interdisplinary Approaches in understanding Science, Arts and Spirituality" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी (National Conference) में "VOICES OF SIKH GURUS: REPRESENTING WOMEN, NATURE AND SPIRITUALITY" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

9. *डॉ. पंकज शर्मा* (सहायक आचार्य , वनस्पति विज्ञान) ने "Wild Edible Fruits of HP" एवं "Traditional Foodgrain Crops of HP" शीर्षक की दो पुस्तकों का संकलन एवं संपादन किया जो कि राज्य जैव विविधता बोर्ड हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रकाशित की गयी। डॉ. पंकज शर्मा का शोध पत्र "Plant Growth Promoting Traits of a Novel Psychrotrophic Bacterium *Viridibacillus Arenosi* PH15 isolated from rhizosphere of *Podophyllum hexandrum Royle"* अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका "Academia Journal of Medicinal Plants" में अक्टूबर 2018 को प्रकाशित हुआ।

10. *सुश्री शीतल चड़बाथिया* ने दिसंबर 2018 में नेट तथा jrf की परीक्षा उत्तीर्ण की।

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय जी का यहाँ पधारने पर एक बार पुनः धन्यवाद करती हूँ। यहाँ पधारे गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे और देश व समाज के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

धन्यवाद!

जय हिन्द!